Notice Inviting Tender For Rate Contracting of Equipments/Instruments for Physiotherapy and Occupational Therapy Unit - Prebid Meeting **की कार्यवाही**

दिनांक 30.11.2013 को हिन्दुस्तान (बिहार संस्करण)ए दैनिक जागरण (बिहार संस्करण), Times of India (अखिल भारतीय संस्करण) समाचार पत्रों में प्रकाशित निविदा सूचना के अनुसार निर्धारित तिथि दिनांक 05.12.2013 को 11 बजे पूर्वाह्न में Equipments/Instruments for Physiotherapy and Occupational Therapy Unit के दर निर्धारण हेतु इच्छुक निविदादाताओं के साथ Prebid Meeting आयोजित हुई, जिसमें कोर कमिटि के सदस्यों, तकनीकी पदाधिकारी के रूप में डा0 अजीत कुमार वर्मा, विभागाध्यक्ष, फिजीकल मेडिसीन, पटना चिकित्सा माविद्यालय अस्पताल पटना, डा0 किशोर कुमार, विभागाध्यक्ष –सह– नियंत्रण पदाधिकारी, बिहार कॉलेज ऑफ फिजियोथेरापी एंड आकुपेशनल थेरापी, विकलांग भवन, पटना, डा0 डी0 के0 रमण अपर निदेशक, श्री सुधीर कुमार, वरीय उपसमाहर्ता –सह– उपनिदेशक, प्रोक्योरमेंट, मो0 नासिर हुसैन प्रोक्योरमेंट एक्सपर्ट, श्री हेमन्त कुमार चौरसिया बायोमेडिकल इंजिनीयर उपस्थित हुये।

Pre-bid बैठक में कुल 06 इच्छुक निविदादाता कंपनीयों के प्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लिया, जिसकी उपस्थिति संचिका में संधारित कर ली गयी है। बैठक में उपस्थित निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधियों द्वारा निविदा में प्रकाशित सूचना, product list एवं निविदा सूचना के terms and condition के संबंध में निम्नांकित पृच्छाएँ की गई, जिसके आलोक में बैठक में निम्नांकित निर्णय लिये गये :–

1. अधिकांश निर्माता संस्थान के प्रतिनिधि ने पृच्छा किया कि निविदा सूचना के कंडिका 5- Minimum Eligibility Criteria की उपकंडिका 'c' में निर्माता संस्थान के वार्षिक टर्नओवर के रूप में 5 करोड़ रूपये रखा गया है। निर्माता संस्थानों के प्रतिनिधियों के द्वारा कहा गया कि फिजियोथेरापी एवं आकुपेशनल थेरापी के निर्माताओं का वार्षिक टर्नओवर ज्यादा नहीं होता है। यह राशि काफी ज्यादा है। टर्नओवर की राशि को कम किया जाये ताकि ज्यादा से ज्यादा निविदादाता निर्माता संस्थान निविदा में भाग ले सके।

   इस संबंध में कोर कमिटि के सदस्य एवं अन्य पदाधिकारियों के द्वारा बताया गया कि ज्यादा टर्नओवर रखने का मुख्य उद्वेश्य यह है कि अच्छी एवं गुणवत्तायुक्त निर्माण करने वाली कंपनियाँ निविदा में भाग ले। परन्तु उपस्थित प्रतिनिधियों के अनुरोध पर उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा सम्यक विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि वित्तीय वर्ष 2010–11, 2011–12 एवं 2012–13 में प्रत्येक वित्तीय वर्ष में निर्माता संस्थान का टर्नओवर 2 (दो) करोड़ रूपये किया जाता है।

   साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि टर्नओवर के समर्थन में Chartered Accountant के द्वारा हस्ताक्षरित Audited Annual Report के साथ Income & Expenditure, Profit & Loss Account, Receipt & Payments की सत्यापित छायाप्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है, इसके अतिरिक्त निविदा सूचना के साथ संलग्न अनुसूची Proforma-D भी Chartered Accountant से हस्ताक्षर/सत्यापित करवा कर निविदा के साथ संलग्न किया जाना है। निविदा शर्त के अनुसार दोनों प्रकार के अभिलेखों को समर्पित किया जाना अनिवार्य है।

2. एक प्रतिनिधि के द्वारा कहा गया कि निविदा Registered Post/Speed Post के अतिरिक्त कुरियर द्वारा भी प्राप्त किया जाये।

   उपरोक्त के संबंध में स्पष्ट किया गया कि सर्व सुलभता को दृष्टिगत रखते हुये निविदा सिर्फ Registered Post/Speed Post के द्वारा डाक विभाग से ही प्राप्त किया जायेगा। राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार के आगत एवं प्रेषण शाखा में सीलबंद निविदा किसी भी परिस्थिति में कुरियर अथवा हाथो–हाथ स्वीकार नहीं किया जायेगा। निविदा सीलबंद एक बड़े लिफाफ में एक सीलबंद लिफाफ तकनीकी निविदा का एवं दूसरा सीलबंद लिफाफ वित्तीय निविदा का होना अनिवार्य है।

3. एक प्रतिनिधि के द्वारा कहा गया कि वारंटी की अवधि को तीन वर्षो के स्थान पर एक वर्ष किया जाये।

   इस संबंध में उपस्थित पदाधिकारियों के द्वारा सम्यक विचारोपरान्त कहा गया कि निविदा शर्त की कंडिका 6 में उल्लेखितनुसार उपकरणों आदि के लिए वारंटी की अवधि तीन वर्षो का होगा। इस शर्त में किसी प्रकार का संशोधन अथवा शिथिलता प्रदान नहीं की जायेगी।

5/12/13 5/12/13 5/12/13

113.

4. प्री–बीड बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार उपकरणों की विशिष्टता (specification) में संशोधन कर दिया गया है। उपकरणों की संशोधित सूची एवं संशोधित विशिष्टता (specification) Annexure-I राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार के वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है।

5. कई उपस्थित निर्माता संस्थान के प्रतिनिधियों ने अनुरोध किया कि निविदा एवं उपकरणों की विशिष्टता में कतिपय संशोधनों के कारण निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 16.12.2013 को कुछ दिनों के लिए बढ़ाया जाये।

उपरोक्त के संबंध में उपस्थित पदाधिकारीगण के द्वारा निर्णय लिया कि निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 16.12.2013 को विस्तारित कर दिनांक 20.12.2013 **के अपराह्न** 3 बजे तक के लिए बढ़ायी जाती है तथा निविदा जमा करने की उक्त अंतिम तिथि यानि दिनांक 20.12.2013 को ही संध्या 4 बजे प्राप्त निविदाओं को कोर कमिटि के समक्ष निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी।

6. अंत में उपस्थित निविदादाताओं/निविदादाता फर्मो के प्रतिनिधियों को सभी संशोधनों से अवगत कराते हुये सूचित कर दिया गया कि बैठक की कार्यवाही एवं सभी संशोधनों को राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के वेबसाईट पर उपलब्ध करा दिया जायेगा।

धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

5/12/13

5/12/13

5/12/13